

## इस मजबूत भारतीय टीम को हराने के लिए बेहतरीन खेलना होता हैः विलियमसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने भारत को 10 विकेट से मात देने वाली अपनी टीम की जमकर प्रशंसा की है। मैच के बाद विलियमसन ने कहा, 'चार दिन तक हमने बेहतरीन प्रयास किया। हम जानते हैं कि भारतीय टीम पूरे विश्व में कितनी मजबूत है। पहली पारी का प्रयास और इसके बाद प्रतिस्पर्धी स्कोर, निचले क्रम ने जो रन बनाए वो हमें बढ़त दिलाने में काफी अहम रहे।' भारत के अनुभवी गेंदबाज, टिम साउदी और ट्रेंट बाउल्ट ने दूसरी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट झटके। साउदी ने इस मैच में कुल मिलाकर नौ विकेट लिए जबकि बोल्ट ने पांच विकेट। विलियमसन ने कहा, 'मैच के पहले दिन हम नहीं जानते थे कि पिच से क्या उम्मीद रखनी चाहिए क्योंकि पहले इतनी हवा नहीं चल रही थी, गेंद स्विंग भी ज्यादा ले रही थी। गेंदबाज शानदार थे, लेकिन यह सही मायनों में टीम प्रयास था।' पदार्पण मैच खेलने वाले युवा तेज गेंदबाज काइल जेमिसन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और पहली पारी में चार विकेट लिए। कप्तान ने इस गेंदबाज की तारीफ करते हुए कहा, 'जेमिसन ने इस पूरे ग्रीष्मकाल में शानदार प्रदर्शन किया, सफेद गेंद से भी उन्होंने अहम योगदान दिया।

# हमने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं दिखाईः विराट कोहली

## कोहली ने कहा, 'टॉस महत्वपूर्ण साबित हुआ

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंगटन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में दस विकेट से मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं दिखाई। न्यूजीलैंड ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। भारतीय टीम पहली पारी में 165 रन पर आउट हो गई। उसका यह प्रदर्शन आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

कोहली ने कहा, 'टॉस महत्वपूर्ण साबित हुआ। लेकिन इसके साथ ही हम बैटिंग यूनिट के रूप में प्रतिस्पर्धी होने पर गर्व करते हैं लेकिन यहां हमने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं दिखाई।' उन्होंने कहा, 'अगर 220–230 रन भी बने होते तो इससे अंतर पैदा हो सकता था। गेंदबाजी में हमने अच्छा खेल दिखाया। पहली पारी के खराब प्रदर्शन से हम पिछड़ गए और इसके बाद (न्यूजीलैंड की) पहली पारी की बढ़त से हम अधिक दबाव में आ गये। आखिर के तीन विकेटों और उन 120 रन ने हमें मैच से बाहर कर दिया था।' कोहली ने कहा, 'हम उनकी बढ़त 100 रन से कम रखना चाहते थे लेकिन उनके पुछल्ले बल्लेबाजों ने जो रन बनाये उससे मुश्किलें बढ़ी। गेंदबाज अब भी अधिक अनुशासित हो सकते हैं, वे अपने गेंदबाजी प्रदर्शन से खुश नहीं थे।' पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल जैसे युवा बल्लेबाजों के बारे में कोहली ने कहा, 'आप साव जैसे बल्लेबाजों को लेकर कड़क रवैया नहीं अपना सकते हो। उसका विदेशों में यह पहला टेस्ट मैच था। वह रन बनाने के तरीके ढूंढ लेगा।' उन्होंने कहा, 'मयंक ने अच्छी बल्लेबाजी की। (अजिंक्य) रहाणे के अलावा वह अन्य बल्लेबाज था जिसने बल्लेबाजी में हमारी तरफ से थोड़ा भरोसा दिखाया। हमारा मजबूत पक्ष बड़े स्कोर खड़ा करना है जो हम इस मैच में नहीं कर पाए।'




न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने भी भारत को पहली पारी में सस्ते में आउट करने के महत्व पर बात की और अपने निचले क्रम के बल्लेबाजों की भी प्रशंसा की। विलियमसन ने कहा, ''यह चार दिन के अंदर किया गया बेजोड़ प्रदर्शन है। हम जानते हैं कि भारत का दुनिया भर में कितना दमदार प्रदर्शन रहा है। पहली पारी का प्रयास और इसके बाद प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाना शानदार रहा। अच्छी बढ़त हासिल करने में निचले क्रम का योगदान महत्वपूर्ण रहा।' पिच ने भी उनके तेज गेंदबाजों को मदद पहुंचायी। टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट ने भारत की दूसरी पारी में मिलकर नौ विकेट लिए। विलियमसन ने कहा, 'टेस्ट की पहली सुबह पता नहीं था कि पिच कैसा व्यवहार करेगी।

# हार्दिक पंड्या फिट, डीवाई पाटील टूर्नामेंट में खेलेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। ऐसे समय में जब भारतीय टीम न्यूजीलैंड में संघर्ष कर रही है, तो इस बीच एक राहत देने वाली खबर आई है। अपनी लोअर बैक इंजरी के पांच महीने बाद ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं। पंड्या को इस चोट की लंदन में सर्जरी भी करवानी पड़ी थी। खबर के मुताबिक 26 वर्षीय ऑलराउंडर डीवाई पाटील टी20 टूर्नमेंट में रिलायंस वन के लिए खेलते नजर आएंगे। वह इस टूर्नमेंट में तीन मैच खेलेंगे जो 25 फरवरी से शुरू होंगे।

एक सूत्र ने पुष्टि की, हां, उनका नाम रिलायंस वन टीम में शामिल है। वह डीवाई टूर्नमेंट में खेलेंगे, बशर्ते नैशनल क्रिकेट अकादमी, जहां वह चोट से उबर रहे हैं, उन्हें रिलीज कर दे। पंड्या ने भारत के लिए आखिरी टी20 इंटरनैशनल मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल 22 सितंबर को बेंगलुरु में खेला था। एक बिजी शेड्यूल में जहां भारत ने सीमित ओवरों के कई मुकाबले खेले, टीम इंडिया ने इस खिलाड़ी के हरफनमौला हुनर को काफी मिस किया।



उम्मीद है कि राष्ट्रीय चयनकर्ता पंड्या की प्रगति देखने के लिए डीवाई पाटील स्टेडियम जाएंगे। अगर पंड्या, जिन्होंने 11 टेस्ट, 54 वनडे इंटरनैशनल और 40 टी20 इंटरनैशनल खेले हैं, अपनी फिटनेस साबित कर देते हैं तो उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ 12 मार्च से शुरू हो रही वनडे इंटरनैशनल सीरीज के लिए चुना जा सकता है।

## भारत ने बांग्लादेश को जीत के लिए 143 का लक्ष्य दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच आईसीसी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2020 का छठा लीग मैच पर्थ में खेला जा रहा है। इस मैच में बांग्लादेश महिला टीम की कप्तान सलमा खातुन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 142 रन बनाए और बांग्लादेश को जीत के लिए 143 रन का लक्ष्य दिया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहला झटका पहली पारी के दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर ही लग गई। सलमा खातून ने अपने इस ओवर में तानिया भाटिया को निगार सुल्ताना के हाथों स्टंप आउट करवा दिया। तानिया सिर्फ दो रन ही बना पाईं। भारत को दूसरा झटका शेफाली वर्मा के रूप में लगा जो 39 रन बनाकर आउट हुईं। शेफाली वर्मा ने सिर्फ 17 गेंदों पर दो चौके व चार छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। भारत का तीसरा विकेट कप्तान हरमनप्रीत के तौर पर गिरा। वो सिर्फ आठ रन पर पन्ना घोष की गेंद पर रुमाना अहमद के हाथों कैच आउट हुईं। इस टीम का चौथा विकेट जेमिमा रोड्रिग्स के तौर पर गिरा। अच्छी बल्लेबाजी कर रहीं जेमिमा ने 37 गेंदों पर 34 रन बनाए और रन आउट हो गईं।

## न्यूज डायरी




### जब सचिन तेंदुलकर ने बनाई थी वनडे इंटरनैशनल की पहली डबल सेंचुरी, रचा था इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेकॉर्ड के बादशाह और क्रिकेट के भगवान सचिन तेंडुलकर ने वैसे तो कई उपलब्धियां अपने नाम की हैं, लेकिन वनडे क्रिकेट की दुनिया में उनका दोहरा शतक शायद ही उनका कोई प्रशंसक भूल पाए। आज 24 फरवरी है, साल 2010 में इसी तारीख को मास्टर–ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच में 200 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। ग्वालियर में खेले गए इस मुकाबले में सचिन 200 रन बनाकर नाबाद रहे थे। सचिन ने इस पारी के साथ ही की रेकॉर्ड अपने नाम कर लिए थे। इस पारी की बदौलत सचिन किसी भी वनडे इंटरनैशनल में डबल सेंचुरी बनाने वाले पहले पुरुष बल्लेबाज बने थे। इस खास मौके पर आईसीसी ने ट्वीट किया– आज के दिन, 10 वर्ष पहले.. सचिन तेंडुलकर ने रेकॉर्ड की किताब में अपना नाम दर्ज कराया था। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे। उनके बाद अब तक 7 दोहरे शतक लग चुके हैं।

### मुश्फिकुर रहीम ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरे शतक के साथ बांग्लादेश के लिए रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। डनीपुनित तैपउ कवनइसम बमदजनतलरू बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम ने दोहरा शतक लगाते हुए एक ऐसी शानदार उपलब्धि हासिल कर ली। रहीम ने मैच के तीसरे दिन अपने टेस्ट करियर का दोहरा शतक लगाया और अपनी टीम के स्कोर को 560 तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। रहीम आखिरी तक नाबाद रहे और बांग्लादेश की टीम ने पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 560 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी। रहीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने नाबाद दोहरा शतक के दम पर अब बांग्लादेश की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रहीम का ये टेस्ट क्रिकेट में तीसरा दोहरा शतक रहा।

### आईसीसी ने युसुफ को किया 7 साल के लिए बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने ओमान टीम के एक खिलाड़ी को 7 साल के लिए क्रिकेट की हर गतिविधि से बैन कर दिया है। आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2020 के लिए क्वालीफाई कर चुकी ओमान टीम के खिलाड़ी युसुफ अब्दुलरहीम अल बलुशी को आइसीसी ने बैन किया है, क्योंकि उन्होंने क्रिकेट को शर्मसार करने का काम किया है। आइसीसी ने ओमान के खिलाड़ी युसुफ अब्दुल रहीम को इसलिए सात साल के क्रिकेट से बैन किया है, क्योंकि उन्होंने आइसीसी एंटी–करप्शन कोड के चार नियमों को तोड़ा है। खुद, युसुफ अब्दुल रहीम ने चारों आरोप कबूल कर लिए हैं। दुबई में आयोजित हुए आइसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2019 टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने एक तरह से फिक्सिंग की थी। इसका खुलासा आइसीसी ने किया है।

### ट्रंप बोले– भारत ने भव्य स्टेडियम में किया हमारा स्वागत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। ट्रंप सबसे पहले दौरे के पहले दिन 24 फरवरी को अहमदाबाद पहुंचे, जहां पहले उन्होंने साबरमती आश्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कुछ समय बिताया और इसके बाद मोटेरा के विशाल स्टेडियम में हुए नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान ट्रंप ने दो भारतीय दिग्गज क्रिकेटरों का भी नाम लिया। इसके साथ–साथ उन्होंने मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम की भी तारीफ की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा, 5 महीने पहले युनाइटेड स्टेट्स में हमने आपके महान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का टेक्सस के एक विशाल फुटबॉल स्टेडियम में स्वागत किया था और आज भारत ने हमारा (डोनाल्ड ट्रंप और उनका परिवार) स्वागत अहमदाबाद में बने दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में किया है।